मेरे भोले बाबा जग मैं निराले लगें

मेरे भोले बाबा जग में निराले लागे,
बड़े प्यारे लागे,
मेरे बाबा बड़े भोले भाले न्यारे लागे,
बाबा भोले बाबा, बाबा भोले बाबा.....

शिव की महिमा चारो दिशा में गाये नर और नारी,
गाये नर और नारी,
भोले के दर पे भक्तो की भीड़ पड़ी है भारी,
मेरे बाबा का बड़ा ही प्यारा धाम लागे,
पवन धाम लागे,
मेरे बाबा बड़े भोले भाले न्यारे लागे,
बाबा भोले बाबा, बाबा भोले बाबा.....

जटा में गंगा, गले में सर्प, माथे चंदा साजे,
एक हाथ त्रिशूल दूजे हाथ में डमरू बाजे,
बड़ा निराला ही इनका रूप लागे ,
बड़ा प्यारा लागे,
मेरे बाबा बड़े भोले भाले लागे,
बाबा भोले बाबा, बाबा भोले बाबा.....

भोले को जिसने भी पूजा मनचाहा वर पाया,
गौरा जी ने भी तो इनको बड़े ही तप से पाया,
इनकी जोड़ी बड़ी ही प्यारी लागे,
न्यारी न्यारी लागे,
मेरे बाबा बड़े भोले भाले न्यारे लागे,
बाबा भोले बाबा, बाबा भोले बाबा.....

भोले भोले नाम रटत है जो भी सुबह शाम,
सबकी बाधा दूर करत है भोले नाम,
शिव नाम से सफल जिंदगानी लागे,
हो जिंदगानी लागे,
मेरे बाबा बड़े भोले भाले न्यारे लागे......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30756/title/mere-bhole-baba-jag-me-nirale-lage

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |